जाग उठा हमारा
आजाद हिन्दुस्तान

13 सितम्बर 2022

## बड़वाह कृषि उपज मंडी में आज हुआ सफेद सोने कपास खरीदी का मुहूर्त, 11001 से 11200 तक बिका पास



बड़वाह -खरगोन जिले के बड़ी एवम प्रतिष्ठत मंडियों में शुमार बडवाह कृषि उपज मंडी में आज नए सीजन की कपास खरीदी का शुभारंभ शुभ मुहूर्त में पूजापाठ के साथ हुवा। इस अवसर पर किसानों एवम व्यापारियों में उत्साह का माहौल था। खरीदी के पूर्व मंडी के सभी व्यापारियों ,मंडी अधिकारियों एवम किसानो ने मिलकर भगवान गणेश की आराधना,पूजा पाठ एवम आरती की। उसके बाद ग्राम भोरई के किसान श्री कड़वा जी अमर सिंह की गाडी से कपास खरीदी का मुहूर्त हुवा।

पहली कपास गाड़ी को बागोद के विनर कॉटन कम्पनी से 1101 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा तो किसानों के चहरे खुशियों से चमक उठे। आज मंडी में लगभग 100 गाड़ी एवम 40 वाहनों से कपास की बम्पर आवक रही। खरगोन मंडी में हुए मुहूर्त के बाद यहां के किसानों को भी अच्छे भाव मिलने की उम्मीद थी। तो व्यापारियों ने भी उन्हें निराश नही किया।

आज मंडी में कपास के सबसे उच्चतम भाव 11200.रुपये प्रति क्विंटल के रहे। सर्वाधिक उच्चतर भाव मे कपास खरीदी विकास कॉटन एवम जिनिंग ने की। इस अवसर पर कॉटन एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री प्रेमचंद जैन, विनर कॉटन के श्री सतीश जैन बागोद,नरु सेठ आदि सभी व्यापारी , किसान ,मंडी सचिव एवम सभी अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## थाना परिसर की 14 फीट ऊंची एवं सात क्विंटल वजनी प्रतिमा का हुआ विसर्जन



करही ।। स्थानीय थाना परिसर में पुलिसकर्मियों के सहयोग से पहली बार 14 फीट ऊंची तथा 7 क्विंटल वजन वाली श्री गणेश जी की आकर्षक प्रतिमा की स्थापना की गई ।

थाना टी आई परमानन्द गोयल ने बताया स्टाफ में इच्छा जाहिर की थी थाना परिसर में इस वर्ष बप्पा की बड़ी प्रतिमा की स्थापना नगरवासियों व पुलिसकर्मियों के सहयोग से की गई । ए एस आई संजीव पाटिल सहयोगी पुलिसकर्मियों के सहयोग ने बुरहानपुर से 14 फीट ऊंची प्रतिमा को वाहन से लाए । थाना परिसर में इतनी बड़ी प्रतिमा की पहली बार विधि विधान के साथ स्थापना कि गई थी गणेश उत्सव के दौरान जनता कालोनी ,प्रकाश कालोनी की महिलाओं द्वारा प्रतिदिन भजन गाए ,नगरवासियों को ओर से भव्य सुंदर काण्ड का आयोजन भी किया गया ।शनिवार शाम 6 बजे विशाल विसर्जन यात्रा थाना परिसर से निकाला गया ,जिसमें चांदनी चोक के राजा भी सम्मिलित हुए दोनो प्रतिमाओं को एक ही वाहन पर विराजित किया गया । यात्रा के दौरान पुलिसकर्मी व नगर के सैकड़ों भक्त डीजे ,ढोल ,की धुन पर जम कर थिरके । रात 9 बजे यात्रा चिन गुण रोड तालाब पर पहुंची जहा पर भगवान की विशेष पूजन कर भक्तो ने तालाब में बप्पा का विसर्जन किया

पुलिस कर्मियों ने बताया गणेश उत्सव के दौरान नगर की जनता व पुलिसकर्मियों के बीच आपसी समन्वय भी स्थापित हुआ है नगरवासियों का थाना की ओर आभार भी व्यक्त करते ।

## पिकप से कुचलकर 30 वर्षीय युवक की मौत

बड़वाह -नगर के वार्ड क्रमांक 2 में हुई एक दर्दनाक दुघर्टना में एक पिता के बुढ़ापे का सहारा उन्हे उस समय अकेला छोड़ गया । वो भी तब जब पिता मजदूरी करने घर से बाहर गया था । नगर के वार्ड क्रमांक 2 में एक पिकअप वाहन चालक की लापरवाही से एक 30 वर्षीय युवक वाहन की चपेट में आगया जिससे मौके पर ही उसकी मौत होगई । मृतक का नाम विक्की पिता हीरालाल कर्मा निवासी दारूगोदाम है । घटना के बाद आक्रोशित वार्डवासियों ने स्थानीय थाने जाकर वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई ।

रिपोर्ट में वार्डवासी प्रिया वर्मा ने बताया कि मृतक विक्की अपने घर के सामने रोड़ पर खड़ा था और हम वार्ड की कुछ महिलाए एक ओटले पर बैठकर बातचीत कर रहे थे ।

इस दौरान बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की ओर से कमलेश पिता भीलू निवासी दारू गोदाम अपना पिकअप वाहन लेकर आया । जो वार्ड के पीछे स्थित चोरल नदी की ओर जा रहा था। तभी विक्की ने उक्त वाहन चालक के साथ जाने के लिए उसे आवाज देकर रुकने को कहा । तभी वाहन चालक कमलेश ने तेज गति से लापरवाही पूर्व अपना वाहन रिवर्स लिया ।जिसकी टक्कर लगने से विक्की जमीन पर गिर गया और वाहन का पिछ्ला पहिया विक्की के सिर पर चढ़ गया।

इस घटना को देख पास में रहने वाले किशोर और लोकेश विक्की को घायल अवस्था में उपचार के लिए अपने दो पहिया वाहन से शासकीय अस्पताल बड़वाह लेकर गए । जहा मौजूद डाक्टरों ने विक्की को मृत घोषित कर दिया ।वाहन दुर्घटना के मामले में पुलिस ने विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जॉच शुरू कर दी है।बतादे की इस घटना के बाद बड़वाह थाने पर मृतक युवक के पिता हीरालाल के साथ वार्ड की कई महिला पुरुष आए। जिन्होंने थाना प्रभारी प्रकाश वास्कले को बताया की मृतक विक्की की मां का देहांत पूर्व में हो चुका है ।मृतक उसके पिता का एक मात्र सहारा था । वही एक बहन की शादी पहले हो चुकी है ।

दोनो बाप बेटे मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते थे । वार्डवासियों ने थाने पर आकर आक्रोश व्यक्त करते हुए इस मामले से जुड़े आरोपी को सख्त से सख्त कार्यवाही कर बुजुर्ग पिता को न्याय दिलाने की मांग की है।

# नवनिर्वाचित नगर पालिका परिषद की पहली ही बैठक में नगर के कायाकल्प हेतु 70 प्रस्तावों पर हुई चर्चा

## बड़वाह नगर में स्वच्छता के लिये परिषद का बड़ा निर्णय



बड़वाह - नवरत्मल जैन

बडवाह नगर पालिका में श्री राकेश गुप्ता के अध्यक्ष बनने एवम नई परिषद के गठन के बाद अध्यक्ष एवम पूरी परिषद में नया जोश और नगर हित कुछ नया करने की उमंग दिखाई दे रही है।इसीलिए पूरी परिषद एकजुटता के साथ नगर विकास के लिए आगे बढ़ती नजर आरही है। बेठक में लगभग 70 बिन्दुओं पर चर्चा की गई जिसमें सभी पार्षदों ने एक राय से नगर विकास को लेकर ज्यादातर प्रस्तावों को सर्व सम्मति से पारित कर दिया । परिषद की बेठक में रखे गये लगभग 70 प्रस्तावों में ज्यादातर नगर के विकास को लेकर थे तो कुछ प्रस्ताव परिषद की प्रशासनिक एवं आर्थिक व्यवस्था को मजबूत करने सम्बंधित थे । कुछ प्रस्ताव आवश्यक उपकरण, वाहन आदि खरीदने को लेकर थे कुछ प्रसताव टेक्स पर आशिंक वृद्धि को लेकर रखे गये ।

नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता ने पहली ही बेठक के ऐजेंडे में 70 प्रस्तावों को रखवाकर अपनी सक्रीयता एवं नगर विकास को लेकर उनकी तीव्र उत्कंठा का भी परिचय देदिया ।

### सिवरेज एवं जलआवर्धन के ठेकेदारो को समय सीमा में करना होगा काम एवं सड़कों की मरम्मत

नगरपालिका अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता ने आजाद हिन्दुस्तान को बताया कि सबसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव सभी वार्डो में सिवरेज लाईन एवं जलआवर्धन योजनाओं के ठेकेदारों द्वारा खोद डाली गई सडकों को ठीक करवाने या जरूरत हुई तो पूर्निनिर्माण को लेकर हुआ । सिवरेज लाईन तथा जलआवर्धन के ठेकेदारो को अब समय परीयड में काम समाप्त करना होगा एवं खोदी गई सडकों की मरम्मत का कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ करना होगा ।

### प्रत्येक पार्षद के नियंत्रण में होगें 5 सफाई कर्मी - सफाई की जवाबदारी अब पार्षदों की ...

इस के साथ ही परिषद की पहली बैठक में नगर के विभिन्न वार्डो में साफ सफाई एवम नालियों के रखरखाव का मुद्दा सामने आया। पार्षदो का कहना था कि सफाई कर्मी कभी आते है कभी नही। कब सफाई करके वापस चले जाते है पता ही नही पड़ता। नालियों में कीचड़ ओर गंदगी भारी रहने से नालियां जाम हो रही है। ऐसे में अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता ने नगर में स्वच्छता को महत्वपूर्ण मानते हुए पूरी परिषद के सहयोग से एक ऐसा निर्णय किया जो नगर की स्वच्छता के लिए वरदान साबित होगा। परिषद की बैठक में अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता ने निर्णय लिया गया कि अब प्रत्येक वार्ड पार्षद के नियंत्रण में उस वार्ड की साफ सफाई के लिए 5 सफाई कर्मियों की ड्यूटी रहेगी। ये पांचों सफाई कर्मी वार्ड पार्षद के निर्देशानुसार वार्ड की पूरी साफ सफाई रखेंगे।इन सफाई कर्मियों का मस्टर भी पार्षद खुद भरेंगे। यदि कोई सफाई कर्मी वार्ड की साफ सफाई में लापरवाही बरतता है तो उसे वार्ड पार्षद की रिपोर्ट पर हटाकर उसकी जगह नए सफाई कर्मी की नियुक्ति की जाएगी। कुल मिलाकर इस निर्णय के बाद वार्ड में स्वच्छता रखवाने की पुरी जवाबदारी वार्ड पार्षद की होगी जिससे वार्ड वासियो को बार बार साफ सफाई की

### कम्यूनिटि हाल का निर्माण,गणगोर घाट पर हाईमास्क, बाजर बेठक एवं जयंती माता रोड़ आदि के पुराने टेंडर स्थगित कर नई निविदा आमंत्रण एवं वाहन खरीदी आदि के लिये निर्णय

–कर्मचारियों के लिये ३ प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं शेरू सहायक राजस्व निरीक्षक एवं घनश्याम केवट भृत्य को निलंबन का अनुमोदन किया गया ।

–नामांतरण प्रकरणों के लिये अध्यक्ष महोदय को अधिकृत किया गया।

– बाजार बैठक का ठेका निरस्त कर राशि वसुली का प्रस्ताव एवं पुन: ठेके हेतु निविदा आंमत्रित किये जाने का प्रस्ताव

– उपभोक्ता प्रभार में 15 प्रतिशत की वृध्दि की गई।

–शासन से प्राप्त राशि से 05 कचरा वाहन क्रय किये जाने की स्वीकृति

– विभिन्न विभागो में प्राप्त निविदा को निरस्त कर पुन॰ निविदा आंमत्रित करने की स्वीकृति प्रदान की गई

– विद्युत व्यवस्था हेतु हाईड्रोलिक क्रय किये जाने की स्वीकृति

– सीएम अधोसंरचना अंतर्गत स्वीकृत कम्युनिटी का नवीन स्थान चयन कर निर्माण किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई

– नव निर्मित मटन मार्केट की दुकाने निलाम की जावे तथा अन्य किसी भी स्थान पर खुले में मटन विक्रय न किया जावे तथा निकाय द्वारा लायसेंस जारी किया जावे।

–सीएम अधोसंरचना अंतर्गत स्वीकृत जयंती माता रोड़ निर्माण का पूर्व ठेकेदार को दिया गया ठेका निरसत कर पुनः निविदा आंमत्रित किये जाने का निर्णय लिया गया।

–भण्डारी ग्रीन कालोनी में नामांतरण एवं भवन निर्माण अनुमति जारी करने की अनुमति प्रदान की गई।

– एमजी रोड़, जैन स्थानक के सामने का अतिक्रमण हटाये जाने का निर्णय लिया गया।

–निर्माण कार्यो की रू. 5 करोड़ की तैयार की गई डीपीआर की प्रशासकीय एवं वित्तिय स्वीकृति प्रदान की गई।

–गणगौर घाट पर हाईमास्ट लगाये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

– कांजी हाउस निर्माण की अनुमति प्रदान की गई।

– नगरीय निकायो के समस्त उद्यानो का सौदंर्यीकरण किये जाने की की स्वीकृति प्रदान की गई।

–जय स्तंभ का सौदंर्यीकरण किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

– वार्ड क्र. 04, 05, 06 12, 15, 16 में स्थित नाले का निर्माण स्लेप एवं चेम्बर का निर्माण

## खरगोन पुलिस द्वारा अंतरराज्यीय भेष बदलकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश : आरोपी गिरफ्तार



खरगोन नगर में दिन दहाड़े एक प्रतिष्ठित व्यक्ति से हुई लूट को अंजाम देने वाले आरोपियों को मशकत के बाद गिरफ्तार किया। बता दे की कुछ दिन पूर्व साधु का भेष बदल कर कार से ये आरोपी खरगोन में आए थे।जहा पता पूछने के बहाने शहर के प्रतिष्ठित व्यक्ति से सोने की चेन छीन कर भाग गए थे।लूट की शिकायत होने के बाद से पुलिस आरोपियों की लगातार सर्चिंग कर रही थी। कोई सुराग न मिलने पर पुलिस को खासी मशक्कत तो करनी पड़ी।

आरोपी पूर्व मे बडोंदा शहर मे इसी प्रकार की कई घटनाए कर चुके है व आरोपी की तलाश करते ब?ंदा पुलिस जब आरोपी के गाँव पहुंची तब आरोपी व उसके गाँववालों द्वारा पुलिस पर हमला किया गया मौके का फाइदा उठाकर आरोपी बडोंदा पुलिस की गिरफ्त से फरार हो गया तब ही से बडोंदा पुलिस भी आरोपी की तलाश कर रही थी जिसे पकडने में खरगोन पुलिस को सफलता प्राप्त हुई । आरोपी द्वारा इसी प्रकार की घटनाए मध्य प्रदेश सहित महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान आदि मे की जाने की जानकारी प्राप्त हुई है जिसके बारे मे पूछताछ की जा रही है ।

## गणेश भक्ति में अनूठे यज्ञ का हुआ आयोजन, यज्ञाचार्य ने दी खुद की आहूति

**सनावद। नगर की सीमा पर बसे उचिष्ठ महा गणपति मंदिर में वर्ष में एक बार अद्भुत गणेश महायज्ञ का आयोजन किया जाता है। मंदिर पर होने वाले इस महायज्ञ को लेकर यहां की पूजा पद्धति अलग रहती हैं। वही यज्ञ में आचार्य खुद अपनी आहुति देकर भगवान गणेश की भक्ति में अपने आप को समर्पित करते हैं। मोरघडी क्षेत्र में नगर की सीमा पर बसे माह में एक बार खुलने वाले उच्छिष्ट गणपति मंदिर पर गणेश उत्सव के पावन अवसर के तहत त्रयोदशी पर गुरुवार को अनूठे गणेश महायज्ञ का आयोजन हुआ। इसमें 100 से अधिक दंपतियों ने संकल्प लेकर विभिन्न वस्तुएं भगवान को यज्ञ में समर्पित कि। अन्य श्रद्धालु भी इस दौरान मौजूद थे। दंपतियों ने संकल्प लेकर धान गुड़ चावल फल फूल मोदक मालपुवे मावा चना काजू बादाम खोपरा एवं अन्य खाद्य वस्तुएं यज्ञ नारायण को समर्पित की।**

ऐसे तो गणेश भक्ति के लिए हर भक्त अपनी अपनी इच्छाशक्ति से लगा हुआ रहता है। लेकिन मंदिर के आचार्य ने अपनी यज्ञ में खुद की आहुति देकर गणेश जी की कृपा पाने के लिए एक अलग ही आयोजन किया। वर्ष मे एक बार गणेश उत्सव के समापन बेला के एक दिवस पूर्व का आयोजन संपन्न होता है। जिसमें यज्ञाचार्य संदीप बर्वे ने अपनी आहुति देकर भगवान भक्ति के लिए अलग ही उदाहरण पेश किया। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालु एवं दंपतियों ने पूजन पद्धति में अपनी सहभागिता निभाई।

### राज्यसभा सांसद और खरगोन विधायक हुए शामिल-

आयोजन को लेकर खंडवा खरगोन धार इंदौर बड़वानी सहित अन्य जिले एवं गुजरात से श्रद्धालु शामिल होने आए थे। वहीं आयोजन में विशेष रूप से राजसभा सांसद सुमेर सिंह सोलंकी और खरगोन विधायक रवि जोशी केबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट के परिवार से उनकी पत्नी एवं पुत्र बंकिम सिलावट विशेष रूप से मौजूद रहे। जहां दोनों जनप्रतिनिधियों ने सपत्नीक आयोजन में शामिल होकर यज्ञ नारायण में पंडित आनंद कानूनगो पं रवि शर्मा पं योगेंद्र मलतारे पं राघव शर्मा पं गणेश पराशर पं गौतम भटोरे पं गोपाल बिल्लोरे पं सतीश शर्मा पं रजत दुबे पं रितेश शुक्ला के मंत्रोचार के बीच आहुति देकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की

## खंडहर बने बड़वाह बस स्टेंड का होगा शानदार कायाकल्प - नपा अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता




बड़वाह - हिमांशु जैन

**इंदौर इच्छापुर मुख्य हाइवे पर स्थित बडवाह शहर का बस स्टेंड खरगोन के बाद सबसे व्यस्ततम बस स्टेंड माना जाता है। यहां पर इंदौर से खंडवा, बुरहानपुर, सूरत, ओंकारेश्वर, उज्जैन, के साथ ही राजस्थान,महाराष्ट्र की ओर जाने वाली सेकड़ो बसो का आवागमन निरन्तर बना रहता है। लेकिन वर्तमान में यही बस स्टेंड लगभग खंडहर बनकर अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। बसस्टेंड पर बना यात्री प्रतीक्षालय की जर्जर हालत देखकर ऐसा लगता है कि इस यात्री प्रतीक्षालय की छत और पिल्लर कभी भी धराशायी हो जाएंगे और नगरवासियों को किसी बडे हादसे का दर्दनाक सामना करना पडेगा।**

### जर्जर हालत में है बस स्टेंड

बस स्टैंड पर बने यात्री प्रतीक्षालय की पूरी छत का प्लास्टर उखड़ कर गिर चुका है। बारिश में पूरी छत से पानी टपकने से यहां कोई यात्री बैठ नही सकते। पिल्लर पूरी तरह जर्जर हो चुके है जिससे इस भवन के गिरने का अंदेशा हर यात्री को बना रहता है। जिससे अब इस स्टेंड की हालत यह है कि सवारियां और बसे बस स्टैंड पर आने के बजाय सीधे मुख्य हाइवे से सीधे चली जाती है। बस स्टैंड की जर्जर हालत के चलते यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पडता है। यहां बस स्टैंड परिसर पर बनी प्याऊ और प्रतिक्षालय के आगे अतिक्रमण ने अपना पैर पसारना प्रारम्भ कर दिया है।

### शाम होते ही शराबियों एवं आवारा लोगों की शरण स्थली बन जाता है बस स्टेंड.....



शाम होते ही बस स्टैंड शराबियों,ओर गंजेडीयो तथा आवारा किस्म के लोगो की शरण स्थली बन जाता है। पास ही कन्या स्कूल है यहां पडने वाली बालिकाओं को भी कही बार आवारा लोगो से परेशानीयो का सामना करना पड़ता है। एक आँचल गृह प्रतिक्षालय में है जो माताओं को बच्चों को स्तनपान कराने के लिए बनाया गया है लेकिन इस प्रतिक्षालय की खंडहर हालत से कोन माता होगी जो अपने लाडले या लाडली की जान यहां बैठकर खतरे में डालेगी।

### नपा अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता ने किया बस स्टेंड का नीरीक्षण- कहा कि मै शर्मिन्दा हूं कि बड़वाह के बस स्टेंड की एसी हालत है । अब बनेगा सर्वसुविधायुक्त बस स्टेंड......

इस बस स्टेंड के रख रखाव की जिम्मेदारी नगरपालिका की है। इसलिए आजाद हिंदुस्तान ने नगर पालिका अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता से बस स्टैंड की स्थिति का खुद निरीक्षण करने का निवेदन किया। श्री राकेश गुप्ता ने इंजीनियरों के साथ जाकर बस स्टैंड का निरीक्षण किया तो वे भी यहां की दुर्दशा देखकर दंग रह गए।

उन्होंने आजाद हिंदुस्तान को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपने इस मुद्दे को उठाया यह खुशी की बात है। वास्तव में इस बस स्टैंड की हालत खतरनाक है। हमे भी खड़ा होने में डर लगता है तो यात्री क्या करेंगे। उन्होंने इंजिनीअर को निर्देश दिए कि पुराने बस स्टेंड स्थित प्रतिक्षालय को डिस्मेंटल करने की परमीशन लेने के साथ ही नए बस स्टैंड निर्माण का प्राकलन बनाये जिसे परिसद में पास करवाकर हम शासन के सहयोग से नया बनवा सके।

अब यदि नए बस स्टैंड का सपना साकार होता है तो यदि यहां पर सर्वसुविधायुक्त तो बसो के मुख्य चौराहों पर रुकने से लगने वाले जाम से मुक्ति भी मिलेगी और बस स्टैंड की रौनक भी बढ़ेगी। श्री राकेश गुप्ता ने आज बस स्टैंड स्थित सुलभ सोचालय का निरीक्षण भी किया। और सड़क पर बने महिला पेशाब घर को सुलभ शौचालय के आंतरिक परिसर में निशुल्क प्रारम्भ करवानेके लिए ठेकेदार को निर्देश दिए।

अब देखना यह है कि नगर पालिका परिषद और अध्यक्ष जी के ये प्रयास कब तक सफल हो पाते है। इसके पुनर्निर्माण के लिए परिषद क्या प्रयास करती है और कब इसका जीर्णोद्धार हो पाता है।

## लंपी वायरस से जिले में अलर्ट, पशु बाजार एवं परिवहन पर लगी रोक



खरगोन जिले में पशु विभाग ने लंपि वायरस के अटैक की आशंका के चलते अलर्ट जारी किया है। जिले में पशु बाजार के साथ परिवहन पर रोक लगा दी। पशु चिकित्सक के अनुसार यह बीमारी मच्छर के कटने से फैलती है। पशुओं के आस पास साफ सफाई से इसका बचाव किया जा सकता है। साथ ही पशुओं के टीकाकरण करने के लिए पशुपालकों जागरूक किया जा रहा है। विशेषज्ञों की माने तो अभी तक जिले में एक भी पशु में लंपी वायरस नही है। आज से सेंपलिग शुरू की जा रही है। जहा एक और प्रशासन पशुओं में फैल रही बीमारी पर सतर्क नजर आता है वही कही न कही लापरवाही भी नजर आती हैं।

स्वामित्व, प्रकाशक एवं मुद्रक- नवरत्नमल जैन, 5 बी/3 प्रेस कॉम्पलेक्स इंदौर एवं 2/12 एनेक्स श्री कंवर कालोनी बड़वाह से प्रकाशित एवं कॉम्पेक प्रिंटर्स लि. फ्री प्रेस हाऊस 3/54 प्रेस कॉम्पलेक्स इंदौर से मुद्रीत। प्रधान संपादक नवरत्नमल जैन नवनीत इंदौर फोन: ( 0731 )2571009, बड़वाह ( 07280 )224750, मो. 9407133337